नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर (छ.ग.)

(अक्टुबर 2017)

डा अजय तिर्की महापौर

प्रिय नगरवासियों ,

कोई भी संस्था के सफल संचालन में वहां के नगरवासियो का सहयोग आवश्यक होता है और नगर में चलने वाले प्रत्येक कार्यो की पारदर्शिता एंव सुगमता मेरी प्राथमिता रही है इसी तारत्मय में इस वेब साईट का निमार्ण कराया गया है मेरा नगर वासियो से अपील है कि नगर में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत हो रहे शौचालयो का निर्माण अपने घरो में करा कर सहयोग प्रदान करें साथ ही आप सभी से अपील है कि समस्त करो का भुगतान समय पर करे, जल को व्यर्थ ना बहने दे, प्लास्टिक कैरी बैगो का इस्तेमाल ना करे एंव कचरो में निपटान में सहयोग कर नगर निगम को एक मजबूत निगम बनाने में सहयोग प्रदान करे । अतः में आप के सभी कार्यो को तत्परता सुगमता से करने के वादे के साथ,आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं आप स्वस्थ रहे निरोग रहे इसी आशा के साथ आपका।

डा अजय तिर्की महापौर

श्रीमति सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल (रा.प्र.से.)
आयुक्त

स्वच्छ भारत का सपना माननीय प्रधानमंत्री जी के सर्वोच्च कार्यो का प्रथम राष्ट्रीय सोपान है, और यह गर्व का विषय है कि छग के आदिवासी अंचल सरगुजा में अवस्थित नगर निगम अम्बिकापुर एवं अम्बिकापुर के सम्मानित नागरिकों ने इस सपने को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाई है, एवं उल्लेखनिय कार्य किया है, एस एल आर एम अम्बिकापुर माडल शत प्रतिशत डोर टु डोर संग्रहण एवं आजीविका मिशन का अनुपम उदाहरण है, इसी का परिणाम है कि इस श्रेष्ठ कार्य ने 3 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कर इस अंचल को गौरवान्वित किया है, इस कार्य की कार्यस्थिती इस बात से ही प्रमाणित हो जाती है कि आज यह माडल छग के समस्त नगरीय निकायों के लिये मिशन क्लीन सिटी के रूप में प्रेरणा स्त्रोत बन चुका है, एवं पुष्पित एवं पल्लवित हो रहा है, इसके साथ ही अम्बिकापुर निगम खुले में शौच मुक्त नगर निगम का दर्जा प्राप्त कर अपने इस कार्य में सफलता का एक और पायदान कायम किया है

सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल

दिनांक 2 अक्टूबर 2017

बारिश से पहले रिंग रोड बनाने का टारगेट 10 दिन मे शुरू होगा काम प्रोजेक्ट मैनेजर

अगले बरसात से पहले शहर के रिंग रोड का निर्माण पुरा करने को कहा गया है सडक विकास निगम को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा है कि टारगेट टफ है लेकिन समय पर निर्माण पुरा कर लेगे सडक की उचाई बढने की आपत्ति पर उन्होने कहा कि यह कोई बडी बात नही है जब भी सडक नए सिरे से बनती है तो उचाई बढती ही है सेंटर मे सडक जरूरी उंची होगी लेकिन किनारे मे डादन रहेगी सडक विकास निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर राकेश वर्मा रविवार को अम्बिकापुर पहुंचे थे उन्होने पीएचीई बिजली विभाग और निगम के अधिकारियो के साथ निर्माण की तैयारियो की समीक्षा की पाइप लाइन शिफिटग के लिए पीएचई को करीब पांच करोड रूपए दिय गए है लेकिन अब तक ठेका नही हुआ जबकि बिजली के खंभो की शिफिटिग के लिए विघुत विभाग ने अभी प्रस्ताव नही दिया है दोनो विभागो को जल्द से जल्द काम शुरू करने को कहा गया है निर्माण के साथ दोनो काम चलेगे

दिनांक 2 अक्टूबर 2017

निगम को नवरात्रि बीतने के बाद सडक मरम्मत करने की आई याद

नवरात्रि के बाद नगर निगम को महामाया मंदिर की सडक की मरम्मत करने का ध्यान आया आनन फानन मे अंतिम दिन सडक पर हुए गडढो को भरने के लिए निगम द्वारा सीमेट डस्ट डालकर खानापुर्ति की गई लेकिन नवरात्रि शुरू होने के पुर्व मंदिर की सडक की मरम्मत करने का ध्यान निगम को नही आया शारदेय नवरात्रि शुरू होने के पुर्व नगर निगम को महामाया मंदिर की सडक मरम्मतीकरण का ध्यान नही आया लेकिन नवरात्रि बीतने के बाद अतिम दिन सडक मरम्मत करने का ध्यान निगम को आया

दिनांक 3 अक्टूबर 2017

अम्बिकापुर का स्वचछता मे फिर बढा मान दिल्ली मे मिले दो नेशनल अवार्ड

स्वच्छता के क्षेत्र मे शहर को एक और अवार्ड केंदीय शहरी विकास मंत्री के हाथो गांधी जयंती पर दिया गया स्वच्छ अबिकापुर मिशन सहकारी समिति को स्वच्छ भारत मिशन के तहत उत्कष्ठ कार्य करने हेतु यह सम्मान प्रदान किया गया सोमवार को दिल्ली के विज्ञान भवन मे समुह की महिलाओ को केन्दीय शहरी विकास मंत्री हरि सिह पुरी ने प्रदान किया इसके साथ ही कस्तुरबा अवासीय विघालय को भी पुरस्कत किया गया स्वच्छता के क्षेत्र मे उत्कष्ठ कार्य करने के लिए नगर निगम अबिकापुर को अब तक कई अवार्ड प्रदेश व राष्टीय स्तर पर मिल चुके है

दिनांक 3 अक्टूबर 2017

दुसरे शहरो को सफाई मे बराबरी करने मे छुट जाएगा पसीना मेयर

स्वच्छता ही सेवा पखवाडे का सोमवार को नगर निगम द्वारा समापन किया गया मल्टी परपज स्कुल मे आयोजित कार्यक्रम मे स्वच्छता के क्षेत्र मे उत्कष्ठ कार्य करने वाले सफाईकर्मियो स्वंय सहायता समुह की महिलाओ के अलावा स्वच्छता पखवाडे मे आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजाता छात्रो को सम्मानित किया कार्यक्रम मे शिक्षा विभाग के अधिकारियो को भी इस अभियान मे सहयोग के लिए सम्मनित किया गया मेया डा अजय तिर्की ने अभियान से जुडे सभी लोगो की सराहना की उन्होने कहा कि हमारे यहां अभियान जुडी महिलाए ऐसा काम कर रही है कि दुसरे किस भी शहर को यहां की बराबरी करने मे पसीना छुट जाएगा मेयर ने कहा कि दो साल मे अबिकापुर स्वच्छता अभियान मे देश के लिए रोल माडल बन गया है

दिनांक 9 अक्टूबर 2017

खाली भुमि व सडक पर कचरा फेककर गंदगी फैलाने से बाज नही आ रहे लोग

शहर मे डोर डोर कचरा प्रंबधन के अलावा नगर निगम द्वारा हर रोज शहर के विभिन्न मार्गो पर पसरे कचरे के ढेर को हटाने का काम किया जा रहा है किन्तु कुछ इलाको के नागरिक व व्यवसायी सडक नाली व खाली पडे स्थानो पर कचरा फैलाने से बाज नही आ रहे है हर रोज शहर के गली गलियारो मे निगम की टीम नही पहुंच पाती इस कारण कई दिनो तक कचरे को

ढेर पडा रहता है शहर के कुछ स्थानो तो कचरे के ढेर के लिए चर्चित हो गए है इन दिनो निगम के द्वारा सडक पर कचरा तो कचरे के ढेर के लिए चर्चित हो गए है इन दिनो निगम के द्वारा सडक कचरा फेकने पर जुर्माने की वसुली हो रही बावजुद इसके नगर के पंचशील अलंकार होटल गली के व्यवसायी खाली पडे स्थानो पर हर रोज कचरे का ढेर जमा कर रहे है जहा मंवशी भी जमे रहते है गौरतलब है कि स्वच्छता के लिए अबिकापुर शहर को कई राष्टीय अवार्ड मिल चुके है दो लाख की आबादी मे यह स्वच्छता मे नंबर वन भी बन चुका है पर इस शहर की स्वचछता पर पानी फेरने आमादा है हर रोज व्यवासयिक प्रतिष्ठानो और घर घर कचरा प्रबंधन कार्य मे लगी महिलाए पहुंच रही और सुखा गीला कचरा लोगो से ले रही है

दिनांक 9 अक्टूबर 2017

एसएलआरएम सेंटर मे मशीन से होगा कम्पोस्ट खाद का निर्माण

शहर के एसएलआरएम सेंटर मे अब गीला कचरा को सडाकर खाद बनाने के बजाये कम्पोस्टिग मशीन से कम समय मे अधिक खाद निर्माण किया जायेगा एसएलआरएम सेटर मे खाद निर्माण के लिए शासन द्वारा 15 लाख रूपये की लगातार से कम्पोस्टिंग मशीन उपलब्ध कराया गया है बताया जा रहा है कि बोनस तिहार कार्यक्रम स्थल पर स्वचछता सहकारी समिति द्वारा लगाये गये कम्पोस्ट खाद के सटाल को लोगो का बेहतर प्रतिसाद देखनेक को मिला और स्टाल मे रखे गये सारे खाद हाथो हाथ बिक गये शहर मे डोर टु डोर कचरा का उठान करने वाली एसएलआरएम सेटर की सदस्या कचरे को आय का जरिया बना चुकी है गिला सुखा कचरा अलग अलग कर गिला कचरा का कम्पोस्ट खाद बना रही है वही सुखे रिसाईक्लिंग योग्य सुखे कचरे की सफाई कर ब्रिकी कर रही है बताया जा रहा कि शहर के एसएलआरएम सेटर से प्रतिमाह 5 लाख 70 हजार रूपये कचरा की ब्रिकी की जा रही है

दिनांक 27 अक्टूबर 2017

ननि की आय मे व़ृध्दि की संभावनाएं तलाशने पहुंची हैदराबाद की टीम

नगर निगम के आय व्यय का आंकलन करने गुरूवार को राज्य वित्त आयोग की ओर से एडमिनिन्टेटिव स्टाफ कालेज आफ इंडिया की दो सदस्दीय टीम सरगुजा पहुंची टीम मे शामिल कालेज के प्रोफेसरो ने ननि के करदाताओ व उपभोक्ताओ से होने वाली आय स्वच्छता को लेकर

देश भर मे ख्याति पा चुके एसएलआरएम प्रोजेक्ट के संबंध मे जानकारी एकत्रित की टीम इन आंकडो के आधार पर निगम की आय बढाने को लेकर अध्ययन केरगी एयर इसकी रिपोर्ट सरकार को सौपेगी दरअसल प्रदेश भर के नगरीय निकायो निगमो की बात की जाए तो सभी नगर पालिका नगर पंचायत व नगर निगम की वार्षिक आय इतनी नही होती है कि वो अपना काम चला सके सभी निगम घाटे मे चल रहे है और साल भर मे मिलने वाले कर किराया व अन्य राजस्व वसुली नाकाफी साबित हो रही है और निगमो का खर्चा भी नही चल पा रहा है

दिनांक 29 अक्टूबर 2017

शहर मे विघुत उर्जा बचाने लग रहे एलईडी लाइट दे रहे है धोखा

शहर के विभिन्न मार्गो व मोहल्ले के सात हजार खंभो के स्टीट लाईट को बदल विघुत उर्जा बचाने के उददेश्य से लग रहे एलईडी बल्ब की गुणवता को लेकर नागरिको द्वारा लगातार सवाल उठाये जा रहे है कही सडक के अनुपात मे एलईडी बल्ब की गुण्वता को लेकर नगरिको द्वारा लगातार सवाल उठाये जा रहे है तो कही लगने के दो चार दिनो के बाद ही बल्ब जलदी बंद हो रही है

दिनांक 29 अक्टूबर 2017

कचरा उठाने गई समूह की महिलाओ से मारपीट

नगर के वार्डक्रमांक 25 के ईरानी बस्त' मे आज प्रात डोर टु डोर कचरा उठाव करने गया महिला समुह के सदस्याओ के साथ मोहल्ले की महिलाओ ने रोज कचरा नही उठाने का आरोप लगा व नाली से कचरा साफ करने दबाव बनाते हुए मारपीट कर दी घटना की खबर पर एसएलआरएम सेटर की महिलाओ ने अध्यक्ष शशिकला सिन्हा के नेतत्व मे कोतवाली मे ज्ञापन सौप मारपीट करने वाली महिलाओ के खिलाफ कडी कार्यवाही करने की मांग की इस मामले मे कोतवाली पुलिस ने ईरानी बस्ती की दो महिलाओ को हिरासत मे लिया है

दिनांक 30 अक्टूबर 2017

कांक्रीट मिक्स डिजाइन ने रोका छह करोड का निर्माण् कार्य

नगर निगम क्षेत्र के निर्माण कार्यो के लिए नाली व सीसी सडक निर्माण के लिए कांक्रीट मिक्स

डिजाइन की अनिवार्यता और इसके एवज मे भारी भरकम शुल्क के कारण करीब छह करोड का निर्माण कार्य लटक गया है पालीटेक्निक मे कांक्रीट मिक्स डिजाइन के लिए लगभग 15 हजार रूपए शुल्क ठेकेदार यह राशि खर्च कर कांक्रीट मिक्स डिजाइन नही बनवाते है तो निर्माण कार्य शुरू नही हो पाएगा हालाकि दो दिन पुर्व नगर निगम आयुक्त ने ठेकेदारो और नगर निगम की अभिंयताओ को तलब कर निर्माण कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू करने का

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

सम्पर्क हेतु नंबर –

निदान 1100 –
सफाई, पानी, सड़क बत्ती, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, संबंधित शिकायत दर्ज करवाने संपर्क करे.

कार्यालय का पता – नगर पालिक निगम प्रशासनिक भवन, केदारपुर पानी टंकी अम्बिकापुर (छ.ग.)